खबर संक्षेप

शिक्षित डिप्लोमाधारियों को मिलेंगे रोजगार के अवसर

जुन्नारदेव: शासकीय आईटी जुन्नारदेव में कैम्पस इंटरव्यू का अयोजन किया गया। दिनांक 19.03.25.समय सुबह 11.00 से जिसमें Aamdhan E pvt ltd ग्रुप द्वारा इंटरव्यू किया जायेगा। और सभी छात्रों को रोजगर के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कैम्पस में भाग लेने वाली कंपिया एमआरएफ टायर, अपोलो टायर,यश ग्रुप ऑफ कंपनी, संजीव ऑटो प्राइवेट लिमिटेड, क्वालिटी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्राइवेट लिमिटेड सामिल है। इसमेंयोग्यता 12, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, ग्रेजुएट, आईटीआई फ़िटर वेल्डर टर्नर इलेक्ट्रीशियन। Age 18 से 32 year केवल पुरुष अभ्यार्थी ही शामिल हो सकते है। उपरोक्त जानकारी आईटीआई के प्रिंसिपल और कैम्पस प्रभारी रवि विश्वकर्मा ने दिया।

हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा

दमुआ। दमुआ नंबर 8 श्री बलराम साहू राहुल साहू परिवार दमुआ नंबर 8 के सौजन्य से दिनांक 19 मार्च को हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा जैसे बाबा जी का दरबार सजेगा और फिर बाबा के दीवाने अपनी हाजिरी भी लगाएंगे बाबा खाटू श्याम जी भजन कीर्तन का भव्य आयोजन आयोजित किया गया है जहां भजन गायक अपनी शानदार भजन कीर्तनों की प्रस्तुति भी देंगे जबकि कार्यक्रम में मुख्य रूप से दमुआ सहित आसपास के बाबा के दीवाने एवं चाहने वाले सभी लोगों को परिवार के जनों को सादर आमंत्रित किया गया है कार्यक्रम में उपस्थित होकर धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर पूर्ण लाभ अर्जित कर सकते हैं।

होली मिलन समारोह का आयोजन

परासिया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला अधिकारियों के निर्देश पर परासिया विकासखंड के सेक्टर क्रमांक 5 ग्राम पंचायत ढाला में मेंटर नमिता सिंह के द्वारा रविवार 16 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर होली का आनंद प्राप्त किया तथा फूलों की होली भी खेली गयी । होली के इस अवसर में प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया गया । साथ ही साथ कुर्सी दोड़ और डांस का कार्यक्रम भी किया गया । इस कार्यक्रम में एम एव बी एस डब्ल्यू के छात्र और छात्रा नीतू मस्तकार , आकांक्षा सिंह , सरोज भोंडे , वर्षा इवनाती , प्रीति इवनाती , शशि इवनाती , ओमकुमारी , बंटी कहार , मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से लोग कर रहे पलायन, सफेदपोश लगे रोटियां सेकने में

दमुआ के बिगड़ते हालात पर आंसू बहा रहे क्षेत्रवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

दमुआ विधानसभा क्षेत्र का विधायक या फिर छिंदवाड़ा जिला सांसद वर्तमान भाजपा की राज्य सरकार और केंद्रीय गवर्नमेंट सरकार भी कुछ नहीं कर पा रही है ऐसी स्थिति में अब क्या होगा समय आने पर ही पता चल पाएगा दमुआ कन्हान एरिया क्षेत्र दमुआ घोड़ावारी, नंदन, राखी कॉल ,की आदि सभी एरिया क्षेत्र की कोयला खदानी बंद हो चुकी है।

यहां तक की तानसी कोयला खदान भी बंद जैसी है इस तरह कोलवाशरी, हिरदागढ़ की कोयला साइडिंग भी बंद हो गई है नंदन भी बंद हो गई है और खदानों में काम करने वाला मजदूर कर्मचारी अधिकारी भी बाहर की ओर खदानों में ट्रांसफर कर दिया गया है और कुछ कर्मचारी अधिकारी रिटायर हो गए और कुछ ने भी बी आर एस लेकर अपना हिसाब ले लिया है और बाहर की ओर चल दिए हैं कुछ लोगों को पिता के बदले नौकरी मिल गई ऐसे लोग भी बाहर चल दिए दमुआ क्षेत्र में स्टील प्लांट खुलने जा रहा था और कुछ भूमि स्वामी को सरकारी दर रेट के हिसाब से जगह का मुआवजा भी मिल चुका था परंतु कुछ राजनीति करने वाले नेताओं की वजह से कुछ भूमि स्वामियों को बरगला दिया गया कि आप लोगों को सही मुआवजा की राशि नहीं मिली है और फिर क्या था राजनेताओं के बहकावे में आने के उपरांत भू स्वामियों ने नेताओं के सहारे छिंदवाड़ा पहुंचकर जिला कलेक्टर के समक्ष फिर से सही तरह से मुआवजा की मांग करने वालों की इस बात को लेकर स्टील प्लांट कंपनी के मालिक और संभावित संबंधित अधिकारी ने नाराजगी जताई और फिर दमुआ क्षेत्र में खुलने वाले स्टील प्लांट को बैतूल चिचोली में खोल दिया गया है।

जबकि यदि दमुआ क्षेत्र में स्टील प्लांट खुलता तो कई परिवार के लोग बेरोजगार युवाओं को कम कम से कम 1500 परिवार के युवा साथियों को कम मिलता मगर राजनीति करने वाले नेताओं के चक्कर में पढ़ने के कारण दमुआ क्षेत्र में स्टील प्लांट नही खुल पाया है।

इसलिए कहते हैं कि सफेद पोशाक नेताओं के खाने करने में विश्वास कम करो और अपने आप पर विश्वास ज्यादा करो दमुआ क्षेत्र में कोयला खदानें बंद हो जाने से अब रोजगार की कोई साधन नहीं है जैसे ना फैक्ट्री ना कारखाना ना कोई उद्योग है मील रोजगार जैसे संसाधन ना होने से लोग बाहर की ओर पलायन कर गए क्षेत्र में रहने वालों की संख्या घट गई हालात यहां है कि व्यापारी का व्यापार धंधा भी चौपट हो गया सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र के भरोसे दुकानदारी चल रही है।

दमुआ नगर शहर में सरकारी उपक्रम एसबीआई बैंक था वह भी दमुआ मार्केट के बाहर निजी परिक्षेत्र में चला गया जबकि बैंक मार्केट क्षेत्र में था तो लोगों को आना-जाना बना रहता था और चलती तो बहुत दुकानदारी भी चलती थी मगर अब तो धंधे दुकानदारी ज्यादा व्यापार भी था पड़ा हुआ है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने दमुआ को तहसील बनाने की बात कही थी जो जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा एवं राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तावित है।

यदि दमुआ की उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा मिलता है तो सभी ग्रामों के लोग दमुआ में ही अपनी शासकीय कार्य करवा सकते हैं जिससे व्यापार को बल मिलेगा और दमुआ का व्यापार सशक्त होगा दमुआ पूर्ण तहसील बनने से आगे भविष्य में और विश्वास की कार्यालय विकासखंड जनपद कार्यालय न्यायालय अनुविभागीय कार्यालय इत्यादि खुल सकते हैं जिससे दमुआ व आसपास के क्षेत्र का भविष्य उज्जवल हो सकेगा।

पीएम आवास योजना की राशि का दुरुपयोग करने वाले हितग्राही पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राशि प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के भवन निर्माण प्रारंभ करवाने का कार्य किया जा रहा है इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 16 में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लाभ ले चुके हितग्राही रितेश सिंह चौधरी एवं नीलेश सिंह चौधरी पिता सुरेश सिंह चौधरी को प्रस्तुत दस्तावेज एवं शपथ पत्र के आधार पर आवास योजना अंतर्गत एक एक लाख रुपए की राशि वर्ष 2022 में पक्के आवास के निर्माण के लिए बैंक खाते में दी गई थी। परंतु संबंधितों द्वारा आज दिनांक तक ना ही आवास निर्माण किया गया और ना ही राशि वापस की गई है।

जांच में प्रथम दृष्टया पाया गया कि वर्तमान में दोनो हितग्राही आर्थिक रूप से सक्षम है एवं राशि वापस करने हेतु पूर्ण रूप से काबिल है। परंतु फिर भी इनके द्वारा राशि वापस करने में कोई रुचि नही दिखाई जा रही है। जिससे स्पष्ट होता है कि दोनों हितग्राहियों ने नगर निगम से छल करते हुए आवास योजना अंतर्गत धनराशि प्राप्त कर अपराध किया है। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा हितग्राही रितेश सिंह चौधरी एवं नीलेश सिंह चौधरी के विरुद्ध एफआईआर करने के आदेश जारी किए गये है। इनके कृत्य भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420 के दंडनीय है। इसके साथ ही आयुक्त ने ऐसे अन्य हितग्राहियों की जांच कर प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक हुआ घायल

छिन्दवाड़ा: छिंदवाड़ा के थाना उमरेठ क्षेत्र अंतर्गत मोर डोंगरी गाँव में अज्ञात कारणों से 30 वर्षीय युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक को डायल-112/100 एफ आर व्ही ने अस्पताल पहुंचाया। छिंदवाड़ा के थाना उमरेठ क्षेत्र के मोर डोंगरी गाँव में कॉलर के छोटे भाई ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 17-03-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल उमरेठ थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ सैनिक राम दास पवार, पायलेट अभिमन्यु पवार ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कारणों से 30 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। डायल-112/100 एफ आर व्ही द्वारा युवक को परिजन के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परासिया अस्पताल पहुँचाया गया । डायल 112 जवानों की तत्परता से पीड़ित युवक को समय पर उपचार मिला।

हनुमान जन्मोत्सव पर होगी सुमधुर भजन संध्या

छिन्दवाड़ा: - संकट मोचन हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में आयोजनों की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही सभी की जिम्मेदारियां भी तय की गई। पूर्व की भांति सम्पूर्ण कार्यक्रम यथावत रहेंगे, किन्तु श्रद्धालु भक्तजनों की सुविधा के दृष्टिगत इस बार भजन संध्या का स्थान परिवर्तित किया गया है। शिकारपुर कमलकुंज में धर्मानुरागी नकुलनाथ जी की उपस्थिति में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाए जाने की तैयारियों पर चर्चा की गई। आयोजित बैठक में उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आयोजन की पूर्व तैयारियों से अवगत कराते हुए कुछ सुझाव भी प्रस्तुत किए जिन पर अमल किया जाएगा। प्रातः काल से पूजन अर्चन का क्रम निरंतर जारी रहेगा। हनुमान जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय दशहरा मैदान से गदा यात्रा निकाली जाएगी।

सांवरी उपकेंद्र में कॉपर की रॉड चुरा ले गए चोर

चोरी की रिपोर्ट दर्ज, मामले की जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

गत दिवस आदेश मर्सकोले जुनियर इंजीनियर (एम पी ई बी), 132 के.व्ही. उप केन्द्र पटनिया (सांवरी) द्वारा चौकी सांवरी पटनिया उपकेन्द्र पर स्टोर रूम से 09 कापर की एड (आई(सोलेटर) चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करायी जाकर बताया गया कि दिनांक 15.03.25 को रात 2.30 बजे जब तो औचक भ्रमण पर उपकेन्द्र पटनिया आए तो कंट्रोल रूम में आपरेटर व सुरक्षा गार्ड अनुपस्थित मिले जिन्हे आस पास तलाश करने पर बाथरूम में बंद होकर कुंडी बाहर से लगी होना पायी तथा कुंडी खोलने पर 02 आपरेटर रामप्रसाद, नितेश तवा सुरक्षा गार्ड नंदकिशोर को बाहर निकालना बताया तथा 02 अज्ञात व्यक्ति 01 के मुंह मास्क से ढका व दुसरे का मुंह गमछा से बंधा होकर कंट्रोल रूम में प्रवेश करना एक ने हाथ में गन रखकर तथा दुसरे ने हाथ में लोहे की राड से डरा धमकाकर 02 आपरेटर व 01 सुरक्षा गार्ड को बाथरूम में ले जाकर बंद करना व बाजु में बने स्टोर रूम से 09 कापर की राड (आईसोलेटर) चोरी करके लेकर जाना बताया।उक्त घटना की जांच के दौरान 15.03.25 को ड्युटी रत 02 आपरेटर रामप्रसाद, नितेश व गार्ड नंदकिशोर से पुछताछ के दौरान यह तथ्य सामने आया कि दिनांक 13.03.25 को जब उक्त दोनों आपरेटर रामप्रसाद, नितेश व गार्ड नंदकिशोर की रात्रि ड्युटी थी उस समय किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उप केन्द्र में बने स्टोर रूम से कापर की राड चोरी की गयी जो दिनांक 14.03.25 को दिन ड्युटी मे आए कर्मचारियों ने देखा। अपनी ड्युटी में घटी उक्त चोरी की घटना को छुपाने तथा अपनी नौकरी से निकाले जाने के डर से उक्त दोनों आपरेटर व गार्ड द्वारा अन्य सभी दोनों शिफ्ट में काम करने वाले आपरेटर व गार्ड से चर्चा कर उक्त चोरी की गयी 09 नग राड की भरपाई करने हेतु राड सभी मिलकर खरीदकर वापस वैसे ही रख देने की योजना बनाई गयी जिसके लिये 03 लोग भोपाल में महालक्ष्मी इंडस्ट्री रवाना हुए जहां उक्त राड उपलब्ध नहीं हो पायी जिस कारण पुनः आपरेटर व गार्डों द्वारा जे ई आदेश मर्सकोले के साथ मिलकर दिनांक 15.03.25 की रात को योजना बनाकर झुठा पटनाक्रम आपरेटर व गार्ड को डरा धमकाकर बाथरूम में बंधक बनाने और स्टोर रूम से 09 नग कापर की राड चोरी होने का बनाया।

31 मार्च तक होंगे गेहूं उत्पादक कृषिकों के पंजीयन

चौरई : मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जाती है जिसका इस वर्ष समर्थन मूल्य 2600 रुपए बोनस सहित निर्धारित किया गया है । क्षेत्र के संबंधित किसानों को जिला प्रशासन के माध्यम से सूचना दी जाकर 31 मार्च तक पंजीयन किए जाएंगे जिसके संबंध में बहुद्देशीय मर्यादित सेवा सहकारिता समिति चौरई के प्रबंधक संतोष रघुवंशी ने बताया कि किसानों को असुविधा से बचने के लिए शासन द्वारा पूर्व में पंजीयन कराया जा रहा है । जिसकी की अंतिम तिथि 31 मार्च किसान समय से पूर्व अपने संबंधित दस्तावेज पहुंचकर समिति कार्यालय मैं उपस्थित होकर अपना पंजीयन कर ले ताकि शासन के द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधा एवं आय बढ़ाने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके । साथी बताया है कि राजस्व कार्यालय में आयोजित बैठक में भी आज तहसीलदार प्रीति पटेल के द्वारा भी सभी समिति प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्र के कृषकों को सूचना जारी कर अधिक से अधिक पंजीयन करने के लिए प्रोत्साहित करने व किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ दिलाने के साथ किसानों को समिति से संबंधित योजनाओं से जोड़ने के लिए निर्देशित किया गया । इस दौरान कृषि विस्तार अधिकारी उमेश पाटिल खाद्य आपूर्ति अधिकारी रवि मकासी सहित सेवा सहकारिता समिति के समस्त प्रबंधक उपस्थित रहे ।

होली मिलन समारोह को लेकर हुई बैठक

छिन्दवाड़ा: - राजीव कांग्रेस भवन में होली मिलन समारोह के आयोजन को लेकर आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है। इस भव्य आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक कांग्रेस भवन में सम्पन्न हुई जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार प्रगट किए साथ ही सुझाव भी साझा किए। जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की उपस्थिति में स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में होली मिलन समारोह मनाया जाएगा।

उपार्जन केंद्रों में क्वालिटी का खरीदे गेहूं: कलेक्टर

कलेक्टर श्री सिंह ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा, विभागों को वित्तीय लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही सभी एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सहित खंड स्तरीय सभी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

100 दिवस से ऊपर की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के शीघ्र निराकरण पर जोर- बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने 100 दिवस से ऊपर की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के शीघ्र निराकरण पर विशेष जोर दिया। पिछली समय सीमा की बैठक में निर्देश देने के बावजूद कई विभागों द्वारा इन शिकायतों की सूची विभाग प्रमुख के रिमार्क के साथ प्रभारी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन को नहीं भेजने और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने पर कड़ी नाराजगी जताई और 2 दिवस के अंदर भी निर्देशों का पालन नहीं होने पर संबंधित सभी अधिकारियों का एक इंक्रीमेंट रोकने का प्रस्ताव संभागीय आयुक्त और विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नियमित प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा में संतुष्टि के साथ निराकरण करते हुए सभी को ए ग्रेड में आने के निर्देश दिए हैं।

वित्तीय लक्ष्य पूर्ति के निर्देश - कलेक्टर श्री सिंह ने वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति के दृष्टिगत राजस्व, खनिज, आबकारी, परिवहन विभाग, जिला पंजीयक आदि से वित्तीय लक्ष्य पूर्ति की जानकारी प्राप्त की। आगामी 2 सप्ताह में कड़ी मेहनत करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए हैं। तहसीलदारों को नोटिस जारी करने के बाद भी राशि जमा नहीं करने वाले बकायादारों पर कुर्की की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है।

सीएम कार्यालय, सीएम ऑफिस के पत्रों का त्वरित भेजें प्रतिवेदन

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सीएम कार्यालय और सीएम हाउस से प्राप्त जितने भी पत्र अभी तक लंबित हैं, संबंधित अधिकारी तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करें।

प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करें अधिकारी

कलेक्टर श्री सिंह ने समय सीमा के एक प्रकरण की समीक्षा के दौरान सख्त निर्देश दिए कि सभी अधिकारी प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करें और महत्वपूर्ण शासकीय कार्यक्रमों में क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से ससम्मान आमंत्रित किया जाए। उन्होंने जुन्नारदेव में प्रोटोकॉल उल्लंघन से संबंधित प्रकरण में स्पष्ट प्रतिवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने उप संचालक उद्यानिकी को स्वयं बैंकों में जाकर पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के शेष प्रकरणों में भी हितग्राहियों को ऋण वितरण इसी सप्ताह सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय के कक्षा 9वीं एवं 11वीं के परीक्षा परिणाम घोषित

योगिता प्रथम, सुरभि रही द्वितीय स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

नगर के शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में कक्षा 9वी एवं 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए जिसमें कक्षा 9वी का परीक्षा परिणाम 82% तथा कक्षा ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम 94% रहा कक्षा 9वी में छात्रा योगिता साहू ने 90.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया छात्रा सुरभि यादव ने 88.4% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान छात्रा वैष्णवी शेल्के ने 87.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया वही कक्षा ग्यारहवीं में गणित विषय के छात्र शिवम धंडोरे ने 82.2% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया छात्रा ललिता यदुवंशी ने 76% प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान छात्रा महक इवनाती और आयुषी सोनी ने 75.8% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय प्राचार्य सी एस दीक्षित द्वारा बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्राचार्य सी एस दीक्षित वरिष्ठ शिक्षिका वर्षा बंदेवार शिक्षक अनुरोध शर्मा मनोज शर्मा शिक्षिका अलका तेलंग अनीता वर्मा आशा डेहरिया सहित समस्त विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की । 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है सत्र की कार्ययोजना प्राचार्य ने विद्यार्थियों और पालकों के साथ साझा की 1 अप्रैल से शुरू हो रहे सत्र के लिए सभी विद्यार्थियों को अप्रैल माह की कार्ययोजना प्राचार्य महोदय द्वारा बताई गई । इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके पालकगण भी उपस्थित रहे ।

विद्यार्थियों के साथ उनके पालकों को समझाइस देते हुए प्राचार्य महोदय ने बताया कि अप्रैल माह में एक तारीख से ही नियमित कक्षाएं प्रारंभ हो जाएगी और अप्रैल माह का कोर्स भी इस महीने पूर्ण किया जावेगा इसलिए विद्यार्थी यह न सोचें की गर्मियों की छुट्टियां लग गई है और स्कूल अब नहीं लगेंगे सभीविद्यार्थी 1 अप्रैल से नियमित स्कूल आए और मन लगाकर पढ़ाई करें । कक्षा दसवीं और बारहवीं में सभी विद्यार्थियों को बेहतर परीक्षा फल देने हैं इसके लिए सतत प्रयासों की आवश्यकता रहेगी ।

भारत विश्वगुरु कैसे बने, प्रधानमंत्री को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने जिले के सांसद विवेक (बंटी) साहू और जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन देकर भारत को विश्व गुरु कैसे बनाये सुझाव दिया । ज्ञापन में बताया कि जब पूरे विश्व में सनातन संस्कृति का बोलबाला था तब भारत सोने की चिड़यिा था । आज भी हम बहुत सक्षम और सशक्त हैं। हमारे देश में 10 रुपये की 1 चाय आती है , वहीं अमेरिका में 10 डॉलर की याने 870 रुपये की। इतने रुपये में हम 100 लोगो को चाय पिला सकतें हैं । यही बात भोजन पर भी लागू होती हैं । देश की आबादी 140 करोड़ है यहाँ हर घर में कम से कम 1 तोला सोना मिल ही जाता हैं । कई घरों में तो किलो किलो सोना है । आज भी कई देशों में सोने के जेवरात पहनने में मनाही है क्योंकि वहाँ सोना है ही नहीं । बिना धर्म के या आध्यात्मिकता के भारत विश्वगुरु बन ही नहीं सकता । सरकार सिर्फ 2 बातों पर ध्यान दे :- प्रथम गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और द्वितीय गुरुकुल शिक्षा प्रणाली । गाय को हम सब माँ का दर्जा देते हैं जिसमें 33 कोटि देवी देवता विराजमान हैं । गाय हमको जीवन भर देती ही है। गाय का दूध मानव जाति के लिए अमृततुल्य है। वहीं गोबर जैविक खेती के लिए और गौमूत्र जीवनरक्षक औषधि के लिए ।इससे अर्थव्यवस्था अत्यधिक मजबूत होगी ।इसके अनगिनत फायदे है । द्वितीय गुरुकुल शिक्षा प्रणाली ; आधुनिक शिक्षा व्यवस्था पेट भरने और गुलाम बनाने के लिए है। भगवान श्रीराम , भगवान श्रीकृष्ण और चन्द्रगुप्त मौर्य महाराणा प्रताप इस गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था के उदाहरण हैं । क्योंकि बच्चों को देश भक्ति के , मातृ भूमि के , परहित के संस्कार यहीं से मिलते हैं । आज हमारी सनातन संस्कृति की जय पूरे विश्व में हो रही है। भारत विश्व गुरु बने सर्व प्रथम सनातन संस्कृति के रक्षक पूज्य बापूजी के उदगार हैं। महाकुंभ में 66 करोड़ लोगों की उपस्थिति और उसी दौरान देश में 71 करोड़ माता पिता पूजे गए इसका उत्कृष्ट उदाहरण है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का विशेष शिविर ग्राम पंचायत चिकलमऊ में 11 मार्च 2024 से लगाया गया था जिसका समापन 17 मार्च सोमवार को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर एवं पंचायत सरपंच सुखमन उईके की उपस्थिति में किया गया। समापन अवसर पर स्वयं सेवकों द्वारा 7 दिन में किए गए कार्यों का वर्णन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, जल संरक्षण, वृक्षारोपण सहित अन्य कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति भी दी गई। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा 7 दिनों तक सेवा भाव से शिविर संचालन के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ एसके शेण्डे को धन्यवाद प्रेषित किया गया, साथ ही स्वयं सेवको द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई।

संपन्न हुआ होली मिलन समारोह, लिए महत्वपूर्ण निर्णय

छिंदवाड़ा: छिंदवाड़ा जिले में आज भवन निर्माता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। भवन निर्माता समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें सर्वप्रथम सभी ने एक दूसरे को होली पर्व की बधाई शुभकामनाएं दी और होली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। होली मिलन कार्यक्रम के उपरान्त छिंदवाड़ा के समस्त भवन निर्माता सदस्यो ने बारी बारी से अपनी बात रखी तत्पश्चात नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सभी सदस्यो ने अध्यक्ष पद पर साहेब राव पवार को निर्विरोध चुना एवं भवन निर्माण की नई रेट लिस्ट जारी की जिसे आज दिनांक से मार्केट में लागू किया गया। इस अवसर पर अनेक सदस्यगण मौजूद रहे जिसमे लगभग छिंदवाड़ा शहर के 170 भवन निर्माण ठेकेदार उपस्थित रहे।

धनोज कुनबी समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

धनोज कुनबी समाज संगठन सौसर मध्य प्रदेश का वार्षिक स्नेह सम्मेलन मां भगवती मंगल कार्यालय बोरगांव में लक्ष्मण जी घोरमारे कि अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सभी अतिथियों द्वारा समाज दर्शन पत्रीका का विमोचन करते हुए,समाज बंधुओं में वितरित किए गये है।जिसमें छिंदवाड़ा जिले के सांसद विवेक बंटी साहु,राजुरा के विधायक देवराव भोंगडे, तथा, वनी,वरोरा, चंद्रपुर,राजुरा, भद्रावती,गढचांदुर नागपुर के सभी समाज संगठन के अध्यक्ष एवं अपने अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ सम्मेलन में पहुंचे,सौसर संगठन के अध्यक्ष युवराज वासाडे ने जो सम्मेलन के पुर्व में अपने साथीयों के साथ मिलकर गांव गांव जाकर सम्मेलन के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया उनके चलते आजतक के सबसे अधिक समाज बंधुओ की उपस्थिति नजर आयी। चंद्रपुर के अध्यक्ष एडवोकेट सातपुते सहाब ने समाज में एकजुटता से हर कार्य संभव हो सकता है,चाहे राजनीतिक हो या सामाजिक एकता सबसे बड़ी ताकत है। एवं सौसर समाज के अध्यक्ष युवराज वासाडे ने अगला लक्ष समाज भवन निर्माण हेतु हर संभव प्रयास किए जायेंगे तथा जिला छिंदवाड़ा के सांसद महोदय से सहयोग कि गुहार लगाई। सांसद महोदय व्दारा दस लाख रुपए भवन निर्माण के लिए देने का आश्वासन दिया है।रायसोनी कालेज के एज्युकेशन डिन डॉ अरविन्द जी बोढे ने कहा समाज में युवाओं का शिक्षीत होना सबसे बड़ी ताकत है। राजुरा विधायक देवराव भोंगडे ने समाज कार्य हेतु हर संभव मदद करने का वादा किया।

पंथ श्री हुजूर सुरुती सनेही नाम साहेब जीवित समाधि स्थल पर प्रारंभ हुआ भंडारा

सिंगोड़ी: पंथ श्री हुजूर सुरुती सनेही नाम साहेब सिंगोड़ी की जीवित समाधि स्थल प्रांगण में धूरेंडी के बाद दूसरे दिन से रंग पंचमी मेले तक पांच दिवसीय विशाल भंडारा आज से प्रारंभ हो गया है। जिसका आज प्रथम दिवस है जिसमें सिंगोड़ी सहित आसपास क्षेत्र के अनेक धर्मप्रेमी बंधुओ ने भंडारा के महाप्रसाद का प्रसाद को ग्रहण किया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।आपको बता दें कि रंग पंचमी का मेला 19 तारीख को भरेगा जाएगी ।

विधानसभा में अवैध रेत उत्खनन व शराब बिक्री पर गरजे विधायक

हमारा प्रदेश बेरोजगारी और महंगाई में अव्वल : विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वर्तमान विधानसभा सत्र में राज्यपाल दिए गए अभिभाषण के बाद पेश धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने विचार रखते हुए वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने प्रदेश व क्षेत्र के किसानों, युवाओं के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर भाजपा सरकार को जमकर घेरा।

नहरों की कराए मरम्मत, किसानोंको 5 रुपये में स्थायी विद्युत कनेक्शन दिलवाए: उन्होंने अपने उद्बोधन के दौरान भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को याद दिलाया और उन्हें शीघ्रताशीघ्र पूर्ण करने की मॉग की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कुछ दिनों पूर्व किसानों को 5 रुपये में स्थायी विद्युत कनेक्शन देने की घोषणा की याद दिलाते हुए कहा कि बालाघाट जिले में किसानों को रबी की फसल लगाने के लिए 8 हजार रुपये में तीन महीने के लिए टी सी कनेक्शन दिया जा रहा हैं। फिर भी किसानों को सही समय पर ना ही बिजली मिल रही है और ना ही उन्हें सिंचाई के लिए पानी मिल रहा हैं। बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं, वो खराब और जल रहे हैं, किसानों की फसल मर रही हैं। हमारे जिले की नहर की मरम्मत हो, राजीव सागर नहर की लाइनिंग हो। पीएचई, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई एवं अन्य विभागों में कोई अधिकारी नहीं हैं, एक अधिकारी के भरोसे विभाग चल रहा हैं। हमारा सिंचाई विभाग जनता से जुड़ा हुआ विभाग हैं, आज उसकी स्थिति दयनीय बनी हुई हैं। सरकार वहां नियुक्ति करे, ताकि जनता का काम आसानी से हो सके।

पूरे देश में सबसे महॅगा डीजल मध्यप्रदेश में: विधायक श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में समाचार पत्रों का हवाला देते हुए कहा कि हमारा प्रदेश बेरोजगारी और महॅगाई में अव्वल हैं, ड़ेढ़ वर्ष में महॅगाई कई गुना बढ़ चुकी है। हम कुम्भ पर्व के दौरान नहाने के लिए प्रयागराज गए थे, वहाँ हमने डीजल भरवाया, जो हमारे प्रदेश से 7 से 8 रूपये सस्ता हैं। पूरे देश में सबसे महंगा डीजल हमारे प्रदेश की जनता और किसानो को लेना पड़ रहा हैं।

रेंजर कालेज बालाघाट में ही रहे: उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षो से प्रदेश में भाजपा की सरकार हैं। हमारे बालाघाट जिले में ना तो शासकीय मेडिकल कॉलेज हैं, और ना इंजीनियरिंग कॉलेज हैं। जिले में कुछ नया तो नहीं हुआ, लेकिन दुर्भाग्य की बात हैं कि पिछले कई वर्षो से हमारे जिले में स्थापित रेंजर कॉलेज को बालाघाट जिले से स्थानांतरण करने का प्रयास किया जा रहा हैं। हम चाहते हैं कि रेंजर कॉलेज बालाघाट में ही रहे।

वन विभाग की लापरवाही के कारण हो रही बाघों की मौत: उन्होंने कहा कि हमारा जिला बाघों का जिला हैं, लेकिन हमारे जिले में लगातार बाघों की मौत हो रही हैं। बाघ कभी करेंट से, तो कभी भुखमरी और कभी शिकारियों का शिकार हो रहे हैं। वन विभाग वनों की अवैध कटाई पर रोक लगाने में असमर्थ है। खनिज विभाग अवैध रेत खदानों से हो रही चोरी को रोकने और आबकारी विभाग घर-घर, मोहल्ले-मोहल्ले में बिक रही अवैध शराब को रोकने में असमर्थ हैं। शिक्षा के मंदिर के बाजू में शराब बिक रही हैं। उसे तत्काल बंद किया जाए।

लापरवाह अधिकारियों पर हो कड़ी कार्यवाही: उन्होंने कहा कि हमारे जिले में धान उपार्जन केंद्र प्रत्येक ग्राम में बढ़ाया जाए, बालाघाट जिले सहित मध्यप्रदेश में पांच जगह ईओडब्ल्यू की जांच चल रही हैं, धान की कमी मिली हैं। इस कार्यवाही में जो भी अधिकारी दोषी हो, उन अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। प्रत्येक किसानों को फ्री में बिजली दी जाए, हमारा किसान बड़ी मेहनत से फसल उगाकर उन्हें बेचकर अपना जीवन यापन करता हैं। किसानों को सस्ती खाद मिलना चाहिए।

टूटता कुटुम्ब विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल वारासिवनी के तत्वावधान में परशुराम सामुदायिक भवन में टूटता कुटुम्ब पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में डॉ प्रतिभा बिसेन सहायक प्रध्यापक जटाशंकर कॉलेज, डॉक्टर अर्चना शुक्ला बालाघाट, डॉक्टर कृतिका शास्त्री बालाघाट, मुख्य अतिथि के रुप में स्मिता जायसवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका वारासिवनी एवं अध्यक्ष के रुप में प्रियंका शर्मा संरक्षक सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल वारासिवनी के साथ विशेष अतिथि के रुप में मधु शुक्ला सदस्य जिला पंचायत बालाघाट, डॉ भारती सुराना, डॉ स्मिता ताथोड़ उपस्थित रही। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पहार अर्पित किया गया। महिला दिवस के अवसर पर स्त्री, समाज की निर्मात्री है, परिवार का आधार है, प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि समन्वय नारी की अदभुत पहचान हैं, जिसने समाज को जोड़ रखा हैं, इन विचारों के साथ-साथ भारतीय महिला के विभिन्न आयामों पर चिंतन, आव्हान हेतु एक दिवसीय टूटता कुटम्ब संगोष्ठी आयोजित की गई। अतिथि वक्ताओं ने महिलाओं के स्वास्थ्य, सोशल फ्राड के साथ ही महिलाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने उद्बोधन दिए। उन्होंने कहा कि मोबाईल का उपयोग वर्तमान समय में बहुत बड़ी समस्या बन चुकी हैं। इसका सही उपयोग करने से हमें लाभ हो सकता हैं। इस अवसर पर महिलाओं ने विभिन्न प्रेरणास्पद गीतों पर आकर्षक व मनमोहक नृत्य पेश कर महिलाओं के सशक्तिकरण के बारे में बताया। वहीं वर्षा सोनी ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को शोहदों व बदमाशों से अपने बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि महिलाओं द्वारा अपने हाथों में पहने गए कंगन व अन्य आभूषणों का उपयोग अपनी सुरक्षा के लिए करना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने तलवार बाजी का प्रदर्शन कर महिलाओं को अपनी सुरक्षा के लिए शस्त्र प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

पूर्व विधायक किशोर समरीते ने केंद्रीय केबिनेट सचिव को लिखा पत्र

निजी स्कूलों में महंगी किताबें विक्रय किए जाने के मामले की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज लांजी। संयुक्त राष्ट्र क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरीते ने भारत सरकार के सचिव मानव संसाधन, विकास शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश में प्रमुख सचिव स्कूली शिक्षा की लापरवाही से देश एवं प्रदेश के निजी स्कूलों में एनसीआरटी, सीबीएससी, आईसीएससी तथा राज्य शिक्षा मण्डलों से मान्यता प्राप्त सिलेबसों के स्थान पर बिना सिलेबस की महंगी किताबें पढ़ाकर प्रतिवर्ष 50 हजार करोड़ की महंगी किताबों की बिक्री कर पालकों एवं छात्रों को महंगी किताबें बेचने की सीबीआई से जांच करवाने की मांग को लेकर केंद्रीय केबिनेट सचिव को पत्र लिखा है। इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए पूर्व विधायक श्री समरीते ने बताया की भारत सरकार द्वारा शिक्षा ग्यारंटी बिल में सदन में पारित नहीं करवाने तथा अनिवार्य शिक्षा लागू नहीं करवाने के कारण शासकीय स्कूल बंद हो रहे है तथा नीजी स्कूल एवं कोचिंग संस्थान पनप रहे हैं। भारत सरकार के एनसीआरटी तथा राज्य शिक्षा मंडलों द्वारा स्वीकृत सिलेबसों का उल्लंघन कर देश में निजी शिक्षा संस्थान अपना पाठ्यक्रम लागू कर महंगी किताबें बेच रहे हैं। इस मामले में भारत सरकार के सचिव मानव संसाधन विकास मंत्रालय एवं राज्यों के शिक्षा सचिव मौन हैं। मध्यप्रदेश में अकेले जबलपुर कलेक्टर ने छात्रों को निजी स्कूलों से बिना भारत एवं राज्य सरकार की मान्यता के पढ़ाई जा रही महंगी किताबों पर रोक लगवायी। इन सभी किताबों में प्रिंटिंग रेट (शुल्क) नहीं होता तथा भारत सरकार एवं राज्य शासन की मान्यता वाली किताबों का एक सेट जो 250 रूपये में मिलता है वही नीजी स्कूल बिना मान्यता की इन किताबों का एक सेट 6 हजार रूपये में बेचा जाता है। यह किताब एवं शिक्षा माफिया पूरे देश में 50 हजार करोड़ रूपये की किताबों की बिकी कर रहा है। तथा इन किताबों से शिक्षा प्रभावित हो रही है। मध्यप्रदेश में नीजी स्कूलों में छात्रों को शिक्षा माफिया, स्कूल प्रबंधन से मिलकर 10 हजार करोड़ की किताबें बिक्री कर रहा है। बालाघाट, मण्डला, डिण्डोरी सहित सभी 52 जिलों में किताबें बिक्री करने वाले 500 एजेंट होटलों में ठहरे हैं जिन्हें 5 अप्रैल 2025 तक सभी किताबें बिक्री करना है। मोदी है तो संभव है। मोदी की ग्यारंटी जैसे नारे देने वाली भारत सरकार इस मामले में मौन है। अतः इस मामले में अविलंब सचिव मानव संसाधन, विकास शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से रिपोर्ट बुलवाकर संपूर्ण मामले की सीबीआई से जांच करवाये तथा यह मामला भारत सरकार के माननीय प्रधानमंत्री एवं महामहिम राष्ट्रपति के संज्ञान में लाया जावे।

परिवहन विभाग जानकर भी बन रहा अंजान, कार्रवाई के नाम पर होगी सिर्फ खानापूर्ति

फिर शुरू हुई बस संचालकों की मनमानी, जरूरत से ज्यादा वसूल रहे लंबे रूट का किराया

हरिभूमि न्यूज लांजी। निजी बसों का सफर मुसाफिरों के लिए किसी परेशानी से कम नहीं है। बस संचालकों की मनमानी के चलते मुसाफिर परेशान होते हैं। सडक़ों पर नियमों का मखौल उड़ाकर दौड़ती बसें आए दिन देखी जा सकती है। सवारियों को ठूंस.ठूंसकर भरने का मामला हो या फिटनेस.परमिट का। किराया सूची चस्पा करने की बात हो या सीटों के आरक्षण की। व लगेंज वसूली कई नियम अब भी सिर्फ कागजों में चल रहे हैं। अचरज इस बात का है कि कई मर्तबा हो चुके हादसों के बावजूद इनसे सबक नहीं लिया जाता। जिम्मेदार भी कभी. कभार कार्रवाई कर मुंह फेर लेते हैं। बता दें कि परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों का किराया प्रति किलो मीटर के मान से निर्धारित किया गया है। बढ़ते डीजल पेट्रोल और व अन्य सामान के महंगे होने पर निजी बस ऑपरेटर की मांग पर शासन द्वारा यह किराया निर्धारित किया गया है। लेकिन बावजूद बढ़े हुए किराए से अतिरिक्त बस ऑपरेटर यात्रियों से अधिक किराया वसूल रहे है। जिस पर परिवहन विभाग और जिम्मेदार मौन है। जिससे ऐसा लगता है की यह सब परिवहन विभाग के अधिकारियो की मिली भगत का ही नतीजा है जो बस ऑपरेटर अधिक किराया वसूल रहे है। बालाघाट में लंबी दूरी जैसे भोपाल, इंदौर, जबलपुर ओर अन्य राज्यों में जाने वाली यात्री बसों में इन दिनों संचालकों द्वारा जमकर लूट मचाई जा रही है। भोपाल जाने के लिए एक स्लीपर का किराया जो महज 700 से 800 रुपए होना चाहिए, बस संचालकों द्वारा 2000 से 2200 तक वसूला जा रहा है। खासकर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इंदौर भोपाल जाने वाले परीक्षार्थियों को बढ़ी हुई दर से टिकट खरीदने की मजबूरी बनी हुई है। वही सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बालाघाट में इन दिनों बस संचालकों द्वारा यात्रियों की भीड़ देखते हुए अलग से बसे भेजी जाती है परंतु उन बसों का परमिट बारात का होता है न कि टूरिस्ट ओर परिवहन का। ऐसे में देखा जा सकता है कि बस संचालकों द्वारा परिवहन अधिकारी के संरक्षण में कितनी लुट मचाई जा रही है।

बालाघाट से चलने वाली अधिकांश बसों में किराया सूची नहीं लगी है। इस कारण बस संचालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूलते हैं। वर्तमान में बालाघाट से भोपाल तक का 1800 से 2200 तक मनमाना किराया वसूल रहे है। साथ ही लगेज का भी अवैध वसूली कर रहे हैं।

इनका कहना है

अभी इस मामले में हमारे पास ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है, आपके द्वारा मामले की जानकारी दी जा रही है। अगर कोई बस संचालक ज्यादा राशि वसूलते पाये जाते है तो उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

अनिमेष गढ़पाल,
जिला परिवहन अधिकारी

गणेशपुर में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

वारासिवनी। ग्राम पंचायत गणेशपुर में तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी अध्यक्ष सुधीर सिंह ठाकुर प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश वारासिवनी की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए श्री ठाकुर ने उपस्थित ग्रामीणजनों को बताया कि मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य क्या हैं? उन्होंने छात्राओं को वर्तमान समय में मोबाइल एवं सोशल मीडिया से होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक कराया एवं बताया कि किसी भी प्रकार के अनजान एप को मोबाइल में डाउनलोड नहीं करें और सोशल मीडिया पर अधिक समय तक एक्टिव नहीं रहें। उन्होंने साइबर क्राइम एवं पास्को एक्ट के संबंध में उपस्थित ग्रामीणजन को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर में ग्राम पंचायत गणेशपुर के सरपंच हेमन्त कटरे, सचिव श्रीमती रीता लानगे, ग्राम रोजगार सहायक सुरेश कटरे सहित 30-35 ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हायरसेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2024-25 अंतर्गत दिनांक 17 मार्च 2025 को विषय रसायन शास्त्र, इतिहास, व्याव.अध्ययन, एली.ऑफ साईंस एण्ड मैथेमेटिक्स यूसफुल फॉर एग्रीकल्चर, गृह प्रबंधन पोषण एवं वस्त्र विज्ञान की परीक्षा जिले के 80 परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। जिसमें दर्ज 8209 परीक्षार्थियों में 28078 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। नकल प्रकरण निरंक पाया गया। जिला स्तर पर परीक्षा के व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला एवं खण्ड स्तर पर उडऩ दस्ता दलों का गठन किया गया था। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गई।

भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन कल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी एवं बालाघाट अधिकारी, कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास (से.नि) द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का 'मासिक सैनिक सम्मेलन' बुधवार 19 मार्च 2025 को प्रातः 11:30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, इंद्रहंस नगर, फेस-।। प्लाट नं. 33 हाउस नं.1297, ज्यारत नाका अकबर वार्ड, सिवनी में आयोजित किया गया है। सिवनी एवं बालाघाट जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित उक्त दिवस एवं स्थान में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान एवं निराकरण करा सकते हैं।

होली मिलन समारोह 19 को आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में दिनांक 19 मार्च 2025, दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे रंगपंचमी के शुभ अवसर पर जिले के समस्त कांग्रेस के साथियों के साथ होली मिलन का आयोजन रखा गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने समस्त कांग्रेस जनों से रंगपंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह में उपस्थिती हेतु अपील की है।

फिसलने से दो घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले के ककरतला गांव के पास घंसौर से सियामऊ जा रहे दो लोग बाइक फिसलने से घायल हो गए। घायलों में दिलीप कुसराम (50) और सुगरू (45) शामिल हैं। घटना दोपहर के समय हुई, जब दोनों व्यक्ति एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। ककरतला गांव के पास बाइक बेकाबू होकर फिसल गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने सुगरू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि पुलिस हादसे की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को बार-बार वाहन सावधानी से चलाने की अपील की जाती है।

जल संरक्षण बना मजाक, नाले में बहाई जहरीली डस्ट (राख), ग्रामीण और किसान के लिए प्लांट बना अभिशाप

शिकायत और कलेक्टर के आदेश को भी नजरअंदाज करता है प्लांट प्रबंधन

सिवनी जिले के लखनादौन विधानसभा क्षेत्र के बरेला गांव में जिले का एकमात्र झाबुआ पावर लिमिटेड स्थापित किया गया है स्थापना के समय प्लांट प्रबंधन ने आसपास के गांव को स्वर्ग बनाने का वादा तो कर दिया पर अब यह गांव और यहां के किसानों के लिए प्लांट अभिशाप साबित हो रहा है। झाबुआ पावर लिमिटेड के पास बरेला गांव और बेनेकी गांव महज एक-एक किलोमीटर की दूरी पर स्थापित है,

हरिभूमि न्यूज सिवनी। इन दोनों ही गांव से गुजरने वाले नाले और नदी यहां के ग्रामीणों और किसानों के लिए जहरीली हो गई है। झाबुआ पावर लिमिटेड से निकलने वाली राख नाले के पानी में मिलकर घुल गई है जिससे जल स्त्रोत बंद हो गए हैं हर तरफ राख राख हो गई है, जिससे पानी जहरीला हो गया है प्राकृतिक जल स्त्रोत और नदी नालों का पानी जहरीला होने के कारण पीने योग्य और खेती के लायक नहीं बचा है जिस कारण किसान खेती नहीं कर पा रहे है और ग्रामीण जल का उपयोग नहीं कर पा रहे। ग्रामीणों की शिकायत के बाद जिला कलेक्टर संस्कृति जैन बरेला गांव पहुंची थी जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्या और नाले पर राख देखकर प्लांट प्रबंधन को फटकार लगाते हुए सफाई करने और गहरीकरण करने का आदेश दिया था आदेश के बाद भी प्लांट प्रबंधन को ना तो जिला प्रशासन की सुनी और ना ही ग्रामीणों की, हालत आज भी जस की तस बने हुए हैं। एक तरफ भारत सरकार और प्रदेश सरकार जल संरक्षण को लेकर अनेकों योजनाएं संचालित कर रही हैं साथ ही एक अलग विभाग बनाकर नदी नाले और तालाब की मॉनिटरिंग की जा रही है बावजूद इसके झाबुआ पावर लिमिटेड से लगे तालाब, नदी और नाले दूषित होते जा रहे हैं ।

पुलिस के हत्थे चढ़े गौवंश तस्कर

5 नग गौवंश एवं एक टाटा पिकअप जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील मेहता (भापुसे) द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को गाँवश तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है उक्त आदेश के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री जी.डी. शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट श्री ललीत गठरे के मार्गदर्शन में गौवंश परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु लगातार पुलिस थाना कुरई के द्वारा कार्यवाही की जा रही है दिनांक 17/03/2025 के रात्री मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बावली में पीक अप में गौवश भरकर नागपुर कसाई मंडी ले जा रहे है सूचना पर थाना कुरई पुलिस टीम द्वारा ग्राम खण्डासा में वाहन चैकिगं लगाई की गई जो एक पीकअप आते दिखी जिसे रोकने पर नही रूका और वाहन भगाकर ले जाने लगा पीछा करने पर ग्राम खण्डासा नागपुर रोड पर वाहन खडा करने अंधेरा का फायदा उठाकर चालक भाग गया। एक सफेद रंग टाटा कंपनी की इन्ट्रा पीकप वाहन क्रं. MH-40-CT-3854 की तीरपाल हटाकर देखने पर गौवंश 05 नग नाटा बैल रस्सियों से हाथ मुह बधे ठूंस ठूंस कर बंधे भरे मिले। जो उक्त मवेशी बैलों को एवं पीक अप वाहन को जप्त कर, मवेशियों को गौशाला में सुरक्षार्थ रखवाया गया है। अज्ञात वाहन चालक एवं वाहन स्वामी के विरूद्ध गौवंश की विभिन्न धाराओ में अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है वाहन को राजसात करने की कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय भूमिका थाना प्रभारी निरीक्षक के. एस. तेकाम, प्र.आर. 160 तेजलाल परते, आरक्षक मनोज मिश्रा, आरक्षक बालचंद नगरधने, आरक्षक मुकेश भगत, सैनिक प्रकाश चंगेला।

लखनादौन क्षेत्र के होनहार युवा हिमांशु प्रधान के डेली ब्लाग्स हो रहे प्रचलित

लखनादौन क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है युवा वीडियो क्रिऐटर हिमांशु प्रधान

भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में सोशल मीडिया का क्रेज लोगों के सर चढक़र बोल रहा है। और लोग सोशल मीडिया के माध्यम से अपना पक्ष सभी तक पहुंचाते हैं। लखनादौन क्षेत्र के होनहार युवा ने हिमांशु प्रधान लखनादौन क्षेत्र के एक प्रचलित ब्लागर बनकर सामने आ रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

हिमांशु प्रधान ने हमें जानकारी देते हुए बताया है कि वह पहले (2019,) में टिक टाक नामक ऐप के माध्यम से सोशल मीडिया में वीडियो डाला करते थे। लेकिन किन्हीं कारणों के चलते 2020 में भारत सरकार द्वारा टिक टाक पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। उसके बाद हिमांशु ने यूट्यूब पर ब्लॉग बनाना चालू किया,और काफी परेशानीयों का सामना करने बाद अब उनकी वीडियो सोशल मीडिया पर काफी बायरल होती है। इससे हिमांशु का ही नहीं हमारे लखनादौन शहर का नाम भी रोशन हो रहा है। और उनकी वीडियो इंस्टाग्राम ऐप पर काफी पसंद की जा रही है।और लोग हिमांशु प्रधान की वीडियो देखकर सोशल मीडिया में वीडियो बनाने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। हिमांशु प्रधान अपने सोशल मीडिया वीडियो पर ज्यादातर सहज सरल ,और क्षेत्रीय भाषा का प्रयोग करते हैं। और क्षेत्रीय लोगों को वीडियो काफी पसंद करते हैं। और प्रमुख बात तो यह है। कि हिमांशु प्रधान अपने वीडियो में अश्लीलता नहीं फैलाते हैं। और ना ही किसी भी प्रकार की गालीयों का प्रयोग करते हैं। जिससे लोगों को हिमांशु प्रधान के वीडियो देखने में आनंद की अनुभूति मिलती है। और देखा जाय तो क्षेत्रीय युवा वीडियो बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों का भी नाम रोशन कर रहे हैं। और हिमांशु प्रधान के साथी भी इनका वीडियो बनाने में काफी सहयोग करते हैं। लोगों के हिमांशु प्रधान को इंस्टाग्राम पर काफी प्यार लोगों द्वारा दिया जा रहा है। इंस्टाग्राम पेज पर हिमांशु प्रधान के 14,000 हजार फालोवर्स है। और हिमांशु प्रधान को इंस्टाग्राम पर लोगों का प्यार लगातार मिल रहा है।

अभियान चलाकर बिना मण्डी शुल्क जमा किए सामग्रियां परिवहन होने वाले वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 17 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप एवं अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे, वहीं खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सीएम हेल्प लाईन,समयसीमा में दर्ज प्रकरणों जनसुनवाई के आवेदन, विभिन्न आयोग के पत्रों में लंबित कार्यवाही सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर सुश्री जैन ने सीएम हेल्प लाइन की जिलेवार रैंकिंग तथा 50 दिवस से अधिक समय से लंबित अधिकतम शिकायतों को संतुष्टि से निराकृत करने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने गेहूं उपार्जन व्यवस्थाओं की भी विस्तृत समीक्षा की, उन्होंने अनुभागवार पंजीकृत किसानों, गेहूं के रकबे के साथ उपार्जन के लिए बनाए गए केन्द्रों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने सभी उपार्जन केन्द्रों एवं पंजीयन केन्द्रों में किसानो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

उन्होंने मण्डी सचिव को मैदानीस्तर पर अभियान चलाकर बिना मण्डी शुल्क जमा किए सामग्रियां परिवहन होने वाले वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी एसडीएम को फार्मर रजिस्ट्री के लंबित सभी प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए साथ ही लक्ष्यानुसार भू-राजस्व वसूली के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सभी ग्रामों में सुविधाजनक रूप से पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना को लेकर सभी अनुविभागीय अधिकारी तथा सीईओ जनपदों से अनुभागवार चर्चा की। उन्होंने पीएचई एवं जल निगम के अधिकारियों को अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाले सभी हैण्डपंप एवं नल जल योजना के स्त्रोतों का सत्यापन कर संभावित संकटग्रस्त ग्रामों में वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सुश्री जैन ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन हितग्राहियों को जोडऩे के लिए चलाये जा रहे सर्वे प्रगति की समीक्षा कर सभी जनपदों के अधिकारियों को लंबित ग्रामों में सर्वे कार्य तेजी से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में वॉटर हार्वेस्टिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, उन्होंने कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को कार्यों को पूरी गुणवत्तापूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया है। उ

न्होंने सभी स्वरोजगार मूलक विभागों को भी वित्तीय वर्ष के लक्ष्यानुसार हितग्राहियों को शासन की स्वरोजगार मूलक योजनाओं से लाभांवित करने के बैंकों को प्रस्तुत किए गए प्रकरणों में त्वरित रूप से स्वीकृति एवं वितरण करने के लिए बैंकों से समन्वय बनाने के लिए निर्देशित किया है।

जिले में बढ़ रहा मौसमी बीमारियों का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

दिन में गर्मी और रात में ठंड के कारण जिले में मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। जिला अस्पताल में रोजाना 500 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। सर्दी-जुकाम, वायरल फीवर और उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में बड़ी वृद्धि देखी जा रही है। 400 बेड वाले जिला अस्पताल के सभी वार्ड पूरी तरह भर चुके हैं। मरीजों को पर्ची बनवाने और दवा लेने में लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। ओपीडी काउंटर पर मरीज और उनके परिजन घंटों लाइन में खड़े रहते हैं। नि अस्पतालों और क्लिनिकों में भी मरीजों की भारी भीड़ है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी चिंताजनक है। उपस्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर नहीं मिलने से मरीजों को परेशानी हो रही है। जिला अस्पताल के आरएमओ डॉक्टर पी सूर्वा ने स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मौसम बदलाव के दौरान खान-पान का विशेष ध्यान रखें। रात में ठंड से बचें। दिन में लंबे समय तक धूप में न रहें। बाहर का खाना खाने से बचें।

विधानसभा में विधायक दिनेश राय द्वारा किये गये प्रश्न

जिले मे एक साल मे विद्युत विभाग मे 263 शिकायतें प्राप्त हुई- श्री तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अंतर्गत सिवनी जिले के लिए पृथक से कोई क्षेत्रीय भंडार नही है, आवश्यकतानुसार स्वीकृत प्राक्कलनों के तहत प्रावधान विद्युत सामाग्री यथा- एलटी केवल (तार), खम्बे एवं अन्य सामाग्री का क्षेत्रीय भंडार छिन्दवाडा एवं जबलपुर से आहरण कर उपयोग किया जाता है। उक्ताशय की बात ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन के प्रश्न के उत्तर में कही गयी।

जारी विधानसभा सत्र में विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा किये गये प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री तोमर ने आगे बताया कि सिवनी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में उक्त प्रक्रिया के तहत आवश्यकता होने पर स्वीकृत प्राक्कलन अनुसार क्षेत्रीय भंडार से सामाग्री का आहरण कर नियमानुसार संधारण कार्यो का क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा सामाग्री के अभाव में कोई भी कार्य विलंबित व बाधित नही हुआ है।

विगत 01 वर्ष की अवधि में सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विद्युत प्रदाय से संबंधित कुल 263 शिकायतें प्राप्त हुई है। समस्त शिकायतों का निराकरण कर लिया गया है, कोई भी शिकायत वर्तमान में लंबित नही है तथा सुचारु रुप से विद्युत प्रदाय किया जा रहा है। कंपनी द्वारा विद्युत लाईनों एवं पोलो को व्यसथित करने सहित समस्त स्थापित विद्युत अधोसंरचना के रख-रखाव का कार्य मानसुन पूर्व एवं मानसुन अवधि के पश्चात करने के अलावा जिसमें झुके हुए खम्बों को सीधा करने तथा लाइनों के तारों को निर्धारित मापदंडो के अनुसार सुरक्षित ऊचाई पर व्यवस्थित करने के कार्य सम्मलित है। श्री तोमर ने आगे बताया कि सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में क्रमशः 19 एवं 40 अतिभारित वितरण ट्रान्सफार्मरों की क्षमता वृद्धि के कार्य पूर्ण किये गये तथा 2024-25 में 5 अतिरिक्त वितरण ट्रान्सफार्मर की स्थापना के कार्य पूर्ण किये गये है। पुरानें ट्रान्सफार्मरों की रिपेरिंग सतत रुप से की जा रही है।

जिससें छिन्दवाडा एवं जबलपुर भंडार में पर्याप्त मात्रा में रिपेयर्ड ट्रान्सफार्मर उपलब्ध है। 11 केव्ही लाइन के तार की भी पर्याप्त मात्रा छिन्दवाडा एवं जबलपुर भंडार में उपलब्ध है। विद्युत अधोसंरचना पर प्रतिवर्ष भार की स्थितियों का आकलन कर प्रणाली सुदृणीकरण एवं अन्य योजनाओं के तहत क्षमता वृद्धि तथा अतिरिक्त विद्युत अधोसरंचना स्थापना के कार्य स्वीकृत कर क्रियान्वित किये जाते है। तथा प्रश्नाधिन क्षेत्र में विद्युत अधोसरंचना के संधारण कार्य हेतु सामाग्री की पर्याप्त उपलब्धता है।

आगे विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विद्युत बिलों की वसूली के संबंध में किये गये प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री तोमर ने बताया कि सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत घरेलू, गैर घरेलू, औद्योगिक, नल-जल, स्ट्रीट लाईट एवं कृषि श्रेणी (फ्लैट रेट उपभोक्ता को छोडकर) के उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 01 विद्युत बिल प्रदान किया जाता है, इस प्रकार प्रतिवर्ष 12 बिल भुगतान हेतु एस.एम.एस. के माध्यम से उपलब्ध कराये जाते है। कृषि (फ्लैट रेट) श्रेणी के उपभोक्ताओं को प्रति छः माह में एक विद्युत बिल प्रदान किया जाता है, प्रतिवर्ष कुल 2 बिल भुगतान हेतु एस.एम.एस. के माध्यम से उपलब्ध कराये जाते है। एफसीए वसूल किये जाने हेतु म.प्र. विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी टेरिफ आदेश 2024-25 में स्पष्ट प्रावधान है एवं प्रावधान अनुसार ही वसूली की जा रही है। अस्थायी (टी.सी.) विद्युत कनेक्शनधारी कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों में छुट प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा किये गये सडकों के निर्माण कार्य की जानकारी एवं निर्माण कार्यो की जानकारी संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार है। इसके साथ ही विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा ग्राम दरबई से पिपरिया मार्ग निर्माण कराये जाने हेतु याचिका प्रस्तुत की गयी।

आज से वन उत्सव,दिव्य संगीत संध्या कार्यक्रम का आयोजन

बंडोल/- ब्रह्माकुमारीज संस्थान सिवनी जिले की सेवाओं के बेमिसाल चालीस साल और बंडोल सेवा केंद्र के पाँचवी वर्षगांठ के शुभ अवसर पर वन उत्सव दिव्य संगीत संध्या का आयोजन ग्राम बंडोल की राजपूताना सेलिब्रेशन लॉन में 18 व 19 मार्च को शाम 5.30 बजे से 8 बजे तक किया गया जायेगा जिसमें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायक, हरीश मोयल शिरकत कर रहें है, आप इंडियन आइडल सीजन एक के शीर्ष प्रतिभागी रह चुके है । आप बिग स्टार आई एम ए अवार्ड 2011 विजेता है,सर्वश्रेष्ठ सूफी गीत के लिए, उन्हें एक बहुत प्रसिद्ध संगीत - उमराव जान अदा और उनके अभिनय और गायन कौशल के लिए भी सराहना मिली, हरीश मोयल ने कई टीवी शो, संगीत एल्बम और दुनिया भर में 4000 से अधिक लाइव म्यूजिकल कार्यक्रम में प्रदर्शन किया है। साथ ही इस प्रोग्राम में शिरकत कर रहें है ओमकार कड़वे ,आप भारतीय शास्त्रीय गायक है, आपने भारतीय शास्त्रीय संगीत में मास्टर किया है, आप गोल्ड मेडिलिस्ट है। आपने राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर में 100 से भी ज्यादा प्रोग्राम में भाग लिया है। आपने मलेशिया, के भारतीय दुतावास संगीत का कार्यक्रम दिया है। कार्यक्रम के आयोजक द्वारा यह बताया गया है कि इस कार्यक्रम में फ्री एंट्री पास है जो आप ब्रह्माकुमारी बंडोल की सेवा केंद्र से 16 व 17 मार्च को 9 बजे से 4 बजे के बीच प्राप्त कर सकते है।

सडक दुर्घटना मे एक घायल

सिवनी जिले के धनौरा थाना क्षेत्र में थांवरी गांव के पास एक गंभीर सडक दुर्घटना हुई। कहानी गांव निवासी 28 वर्षीय अभिषेक कुलस्ते अपनी बाइक से धनोरा जा रहे थे। थांवरी गांव के पास उनकी बाइक बेकाबू होकर फिसल गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचित किया। घायल अभिषेक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अपील के बाद भी नहीं मानते चालक

धनौरा थाना प्रभारी मनीष बंसोड़ ने बताया कि पुलिस दुर्घटना की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है।

मात्र 999/sq.Ft में प्लाट उपलब्ध
गौतम बुद्ध बिहार सिटी
सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी रेरा अप्रूव्ड टी एन सी पी विकास अनुमति डायवर्टेड कॉलोनी
बरघाट बाईपास से कटंगी बाईपास, न्यू ड्रुव सिवनी थाना के पास ग्राम छिड़िया पलारी सिवनी संपर्क 9589249192, 8871779192

बेरियल टूटा, नहीं है जिम्मेदारों की नजर

कंजई वनोपज जांच नाका अपनी बदहाली पर बहा रहा आंसू

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

वन विकास निगम परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत ग्राम कंजई का वन उपज जांच नाका इन दिनों बगैर बेरियल का दिखाई दे रहा है बताया जा रहा है कि विगत कई दिनों से बेरियल टूट चुका है परंतु टूटे हुए बेरियल पर कोई भी वन विकास निगम का जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे वन अधिकारी की कार्य शैली पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं सवाल इस बात का है क्या उक्त बेरियल से किसी भी जिम्मेदार वन अधिकारी का आना-जाना नहीं है। या टूटे बैरियर का पता होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। उक्त जांच नाका बालाघाट सिवनी मार्ग पर स्थित है और न जाने कितने वाहन रोजाना लकड़ी से भरे गुजरते हैं ऐसे में बेरियल का दिखाई नहीं देना वन अधिकारियों की लापरवाही को प्रदर्शित करता है वन विकास निगम के संभागीय प्रबंधक को चाहिए कि व वनोपज जाँच नाका का निरीक्षण करें अव्यवस्था खुद ब खुद समझ आ जाएगी टूटे हुए

बैरियर को जल्द व्यवस्थित किया जाए।

400 प्रशिक्षित शिक्षकों में से अभी केवल 91 शिक्षक ही शामिल हुए हैं। इसका कारण स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम और बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा बताई जा रही है।

उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य शरद ज्योतिषी के अनुसार, मूल्यांकन चार चरणों में होगा। पहला चरण 15 मार्च से, दूसरा 22 मार्च से, तीसरा 31 मार्च से और चौथा चरण 6 अप्रैल से शुरू होगा। सभी चरणों में कुल 2 लाख कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

वर्तमान में दसवीं के हिंदी और बारहवीं के हिंदी, अंग्रेजी और आईटी विषयों का मूल्यांकन चल रहा है। दूसरे चरण में दसवीं के अंग्रेजी-संस्कृत और बारहवीं के विज्ञान-वाणिज्य विषय, तीसरे में दसवीं के गणित-सामाजिक विज्ञान और बारहवीं के अन्य विषय तथा चौथे चरण में बचे हुए विषयों का मूल्यांकन होगा।

सीसीटीवी निगरानी में हो रही बोर्ड कॉपियों की चेकिंग

रोल नंबर की जगह बारकोड से हो रही जांच, अब तक 400 में से सिर्फ 91 शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू कर दिया है। मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हो रही है, जिसकी मॉनिटरिंग भोपाल बोर्ड से की जा रही है।

कॉपियों की जांच में पारदर्शिता लाने के लिए रोल नंबर की जगह बारकोड सिस्टम अपनाया गया है। अंक सीधे बारकोड के जरिए बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं। मूल्यांकन केंद्र में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाया गया है।15 मार्च से शुरू हुए मूल्यांकन कार्य में

लामता पुलिस के सामने जंगल में भाग गए आरोपी

बालाघाट में मिला छत्तीसगढ़ से चोरी 15 लाख का माल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट की लामता पुलिस ने छत्तीसगढ़ से चोरी हुए वाहन और सामान को बरामद किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी की। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध पिकअप वाहन दिखाई दिया।

पुलिस को देखते ही चार व्यक्ति वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग गए। जब्त किए गए पिकअप वाहन (नंबर सीजी 09 बी 1471) में लोहे और स्टील का सामान भरा हुआ था। जांच में पता चला कि यह वाहन और सामान 15 मार्च को छत्तीसगढ़ से चोरी हुआ था।

वाहन के मालिक भुवनेश्वर पटले ने झलमला थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बरामद किए गए वाहन और सामान की कीमत लगभग 15 लाख रुपए है। लामता थाना प्रभारी नितिन पटले ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने वाहन चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गेहूं का रकबा 30 हजार हेक्टेयर घटा

धान की खेती 46 हजार हेक्टेयर तक पहुंची; 25 केंद्रों पर होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में इस वर्ष गेहूं की खेती का क्षेत्र पिछले साल की तुलना में काफी कम हो गया है। कलेक्टर मृणाल मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में यह तथ्य सामने आया। कृषि अधिकारी खोब्रागड़े ने बताया कि पिछले वर्ष 63 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बोवाई हुई थी। इस साल यह घटकर 33 हजार हेक्टेयर रह गई है।

खाद्य आपूर्ति अधिकारी आरके ठाकुर ने बताया कि अब तक 1683 किसानों ने पंजीयन कराया है। इनमें से 808 किसान गेहूं के लिए पंजीकृत हैं। इस बार धान की खेती का क्षेत्र बढ़कर 46600 हेक्टेयर हो गया है। यह आंकड़ा पिछले साल से अधिक है।

जिले में गेहूं की खरीदी के लिए 25 केंद्र स्थापित किए जाएंगे। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को किसानों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी जीएमसीसीबी और नागरिक आपूर्ति निगम को सौंपी गई है।

बैठक में गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था पर भी विचार-विमर्श हुआ। कलेक्टर ने एसडीएम को इसकी तत्काल समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने बारिश के मौसम से पहले सड़कों की मरम्मत का कार्य पूरा करने का निर्देश भी दिया।

नगर पालिका फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर पाया गया काबू

डेंजर रोड के घने जंगलों में भीषण आग, यातायात प्रभावित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में सोमवार दोपहर 4 बजे डेंजर रोड स्थित वन क्षेत्र में आग लग गई। यह क्षेत्र नगर का ऑक्सीजन जोन कहलाता है। सूखे पत्तों से शुरू हुई आग तेजी से फैलने लगी।

नगरपालिका के फायर विभाग को सूचना मिलते ही पायलट संजू सोनकर, फायरमैन राहुल वैद्य और भारत लिल्हारे मौके पर पहुंचे। टीम ने करीब एक घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया।

वर्तमान में यह रोड गर्रा और सरेखा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के कारण वाहनों का बायपास मार्ग बन गया है। रोजाना सैकड़ों दोपहिया और चौपहिया वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। माना जा रहा है कि किसी ने जलती हुई सिगरेट या बीड़ी फेंक दी होगी।

फायर कर्मियों के अनुसार आग इतनी भीषण थी कि जंगल का बड़ा हिस्सा प्रभावित हुआ। इससे यातायात भी बाधित हो गया था। आग बुझाने के बाद यातायात को सुचारु किया गया।

परिक्षेत्र सहायक अजय चौरे ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से वनों को आग से बचाने में सहयोग करने और आगजनी की घटनाओं की तत्काल सूचना देने की अपील की है।

रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन जोरों पर, जिम्मेदारों की मौन स्वीकृति

कंजई मोक्ष धाम स्थित नाले में गड्ढे ही गड्ढे

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर कंजई गांव के मोक्ष धाम स्थित राजस्व नाले से रेत का उत्खनन और परिवहन भी रोक-टोक जारी है। प्रतिदिन सुबह पहेटियां समय और रात के समय रेत का अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टर से परिवहन हो रहा है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेत चोरी का काम गांव के ट्रैक्टर संचालक्रो द्वारा किया जा रहा है गैली जोड़ी नाले में बड़े-बड़े गड्ढे दिखाई पड़ रहे हैं पर कोई भी जिम्मेदार रेत के अवैध उत्खनन पर पाबंदी नहीं लगा पा रहा है जिस कारण अवैध उत्खनन परिवहन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिम्मेदार विभाग की निष्क्रियता के चलते शासन को रोजाना नुकसान उठाना पड़ रहा है। पटवारी हल्का क्षेत्र मे हो रहे अवैध रेत के उत्खनन से अनजान है बताया जा रहा है कि पटवारी साहब ईद के चांद हो गए हैं.? आए दिन कोई ना कोई ईंट भट्ठा संचालक असम से बगैर अनुमति दिए के ईट बनाने कहीं ना कहीं मिट्टी का खनन कर ही रहा है कही शासकीय भूमि से तो कभी किसानो की भूमि से पटवारी साहब को इसकी भनक तक नहीं लग पा रही है जो बड़ा सवाल है कंजई मोक्ष धाम नाले से प्रतिदिन हो रही रेत की चोरी पर अंकुश लगाया जाए जिससे खनिज संपदा सुरक्षित रह सके।

विधायक भगत ने आईटीआई खोलने और सीएम राईस स्कूल उन्नयन का मुद्दा उठाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत ने अपनी सक्रियता को बनाये रखते हुए निरंतर क्षेत्र से जुड़ी समस्या को उठाकर वह सदन का ध्यान केन्द्रित कर समस्या के समाधान के लिये निरंतर अपने प्रयास को जारी रखे हुए है। इसी के अंतर्गत उन्होंने मंत्री तकनीकी शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर चांगोटोला आदिवासी बाहुल्य नस्सल प्रभावित अति संवेदनशील क्षेत्र है, इसके अंतर्गत 30 से 40 ग्रामों का समावेश है उक्त क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के लिये 50 से 70 किलोमीटर दूर बालाघाट आना पड़ता है। आवागमन में परेशानी के कारण कई छात्र छात्राएं तकनीकी शिक्षा से वंचित रह जाते है। इस संबंध में पूर्व में भी शासन प्रशासन स्तर पर पत्र व्यवहार किया गया है। अतः चांगोटोला में नवीन आईटीआई खोलकर छात्र-छात्राओं को सुविधा उपलब्ध कराई जाये।

इसी तरह से परसवाडा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चरेगांव में विगत कई वर्षो से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरेगांव संचालित है। शासन की महत्वाकांक्षी योजना अनुसार समस्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को सीएम राईस विद्यालय में उन्नयन किये जाने की कार्यवाही प्रचलन में है। उक्त विद्यालय के छात्र छात्राओं को सर्वसुविधा युक्त शिक्षा प्रदाय किये जाने हेतु उक्त विद्यालय का उन्नयन सीएम राईस विद्यालय में किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में विधायक भगत ने स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा।

इसी क्रम में विधायक भगत ने ऊर्जा मंत्री से सदन में प्रश्न करते हुए कहा कि बालाघाट जिले में कितने ग्रामों में विद्युतीकरण कार्य नहीं हो पाया है। वितरण केन्द्र व ग्राम पंचायतवार जानकारी प्रदान करें। विगत पांच वर्षो में जिले में किस किस योजना के अंतर्गत विद्युत अद्योरचना शुद्धिकरण कार्य हेतु कितनी राशि आंबटित हुए और उक्त कार्य हेतु योजनाअंतर्गत कितना भुगतान किया गया वर्ष वार संभांगवार ब्यौरा उपलब्ध कराये। साथ ही जिले में कौन-कौन से वितरण केन्द्रों पर कितनी क्षमता के वितरण ट्रांसफार्मर लगाये गये है कितने ट्रांसफार्मर तकनीकी कारणों से बदले गये। कितनी राशि खर्च की गई इसकी संख्यात्मक जानकारी प्रदान करें।

जिला मूल्यांकन समिति की बैठक पुनः आज

बालाघाट। गाइड लाइन वर्ष 2025-26 में कलेक्टर दर पर विभिन्न लोकेशंस पर वृद्धि दर बढ़ाने के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंजीयक द्वारा कुल 1185 लोकेशन चिन्हित की गई। इसमें 568 शहरी व 617 ग्रामीण लोकेशन प्रस्तावित की गई। कलेक्टर श्री मीना ने समीक्षा के दौरान गत वर्ष निर्धारित की गई लोकेशनों पर हुई रजिस्ट्रियों की जानकारी मांगी गई। उनके अनुसार गत वर्ष जहां रजिस्ट्री हुई है, यदि प्रस्तावित लोकेशन पर रजिस्ट्रियां गत वर्ष हुई है तो दर बढ़ाये अन्यथा विचार करें। इस सम्बंध में सभी उप पंजीयकों से ऐसी लोकेशन जानी।

गोंड शैली की चित्रकला लेकर राष्ट्रपति भवन पहुँची 8वीं की छात्रा सुष्मिता

चित्रकारी की सराहना के साथ पाया 11 हजार 500 की राशि का नगद पुरुष्कार

बालाघाट। शिक्षा व कला का विकास प्रत्येक स्थान पर व्याप्त है, यह जिले की आदिवासी विद्यालय की छात्रा ने साबित कर दिया। बालाघाट जिले के जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर की कक्षा 8वी की छात्रा सुश्री सुष्मिता मरकाम ने एक असाधारण उपलब्धि प्राप्त की है। जिसमे सुष्मिता को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस दौरान उसे अपनी कला को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। सुष्मिता ने गोंड शैली पर आधारित एक पेंटिंग निर्मित की, जिसका प्रस्तुतिकरण उसने राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में किया। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्राचार्य श्री मौर्या ने बताया कि सुष्मिता द्वारा निर्मित गोंड शैली की चित्रकारी को उपस्थित अधिकारियों द्वारा बहुत सराहा गया। जो कि विद्यालय के लिए गर्व का क्षण था। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिली सराहना अत्यधिक थी, और उसकी प्रतिभा और योगदान को मान्यता देते हुए सुष्मिता को 11,500 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्राचार्य मौर्या ने बताया कि यह नगद पुरुस्कार राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान), भारत सरकार द्वारा छात्रा के बैंक खाते में सीधे भेजा गया है

दिव्यांग सूरज का पैरा कबड्डी संघ में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज कटंगी। कहते हैं जिनके इरादे बुलंद होते हैं वो आसमां को भी जमीन पर ले आते हैं. ऐसा ही कुछ वाक्या ग्राम पुलपुट्टा निवासी सूरज सोनवाने के साथ हुआ है. उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगनशीलता से अपने गांव, जिले का नाम राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रकाशमान किया है. एक हाथ से दिव्यांग सूरज सोनवाने का हाल ही में पैरा कबड्डी संघ मध्य प्रदेश में चयन हुआ है. इंडियन पैरा एसोसिएशन ने तीसरा नेशनल पैरा कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 20 मार्च से 24 मार्च 2025 तक गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में आयोजित किया है. जहां सम्पूर्ण भारत के अलग-अलग 18 राज्यों से राजकीय पैरा कबड्डी टीम भाग ले रही हैं. जहां मध्य प्रदेश की पैरा कबड्डी टीम एसोसिएशन ने तीसरा पैरा कबड्डी चैंपियनशिप में भाग ले रहे खिलाड़ियों की सूची जारी की हैं. जिसमें अनूप परिहार कप्तान ग्वालियर, सूरज सोनवाने बालाघाट, गोविंद सिंह भिंड, कुलदीप कुमार भोपाल, प्रवेश कुमार दतिया, अनुज रघुवंशी अशोकनगर, संजीव कोटिया ग्वालियर, अफरीदी खान इंदौर, मुकद्दर खरादे धार, रामकुमार यादव छतरपुर, ओमप्रकाश अहिरवार छतरपुर, दिनेश कुमार सतना, डाक्टर डेविड (फिजियो), एमपी टीम दीपेंद्र सिंह, कोच एवं ट्रेनर गुनगुन शर्मा मैनेजर है. गौरतलब हो की सूरज सोनवाने इससे पूर्व क्रिकेट टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ग्वालियर में शानदार प्रदर्शन कर चुके है. उनकी इस उपलब्धि पर संजय अश्क तांडेकर, विजय सोनवाने सरपंच, विनोद बोरकर उपसरपंच, विश्वेश्वर सोनवाने, भेजन सोनवाने, नानेश्वर सोनवाने सहित ग्रामीणों ने बधाई दी है।

अस्पताल में चिकित्सक नहीं प्राइवेट अस्पताल जा रहे मरीज

पठार अंचल का बम्हनी अस्पताल नर्स के भरोसे हो रहा संचालित

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के कटंगी विधानसभा के पठार अंचल के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बम्हनी में चिकित्सक की कमी है. यहां पर अस्पताल की जिम्मेदारी एक नर्स और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के भरोसे है. अस्पताल में चिकित्सक नहीं होने के कारण कारण करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों के हजारों ग्रामीणों को प्राइवेट अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ रहा है. बम्हनी के ग्रामीणों ने बताया कि इस सरकारी अस्पताल में करीब ड़ेढ़ महीने से चिकित्सक नहीं है. वहीं इस अस्पताल के मेडिकल आफिसर डॉ भूपेन्द्र गजभिए को कोरोना कॉल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी अटैच किया गया था जो आज तक कटंगी में ही अटैच है और पठार अंचल की जनता को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है. बम्हनी के सोमेश्वर ने बताया अस्पताल में दवाओं के लिए जाते है तो दवा नहीं मिल पाती. वहीं इसी गांव के खुशलाल शिवने सहित अन्य ने बताया कि बताया कि चिकित्सक नहीं होने से दवा नहीं मिलती. जांच नहीं होती कई बार तो नर्स भी नहीं मिलती. जिस कारण मरीजों को पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के प्राइवेट अस्पताल जाना पड़ता है।

प्रदेश में यह चौथा चरण है जब भाजपा की सरकार है. स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाजपा नेताओं के दावे खुब सामने आते है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्वयं ही प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज का सपना दिखा रखा है. इस बीच 10 मार्च को प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंत्रालय में बैठक की. बैठक में यह सवाल उठाया गया कि हर जिले में नया मेडिकल कॉलेज खोलने की जरूरत है. सीएस ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने की बजाय मौजूदा कॉलेजों में सीटों की संख्या बढ़ाकर डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है. मतलब, सीएस मुख्यमंत्री के बात से बिल्कुल भी इत्तेफाक नहीं रखते की हर जिले में मेडिकल कॉलेज की जरूरत है बल्कि वह मौजूदा कॉलेज में ही सीटें बढ़ाकर व्यवस्था सुधारने के पक्ष में है. अब विधानसभा कटंगी का हाल देखिए कटंगी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी सिविल बनाने की तैयारी की जा रही है. निसंदेह यह बहुत ही अच्छी बात है और यह कोशिश बीते कई वर्षों से की जा रही है. लेकिन इसमें अब तक सफलता नहीं मिली है. चर्चा है कि कटंगी का सिविल अस्पताल बनना लगभग तय हो चुका है. मगर, कटंगी के सिविल अस्पताल बनने से गांव-गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर की हालत सुधरने वाली नहीं है. सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि पहले से मौजूद अस्पतालों में चिकित्सक की व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है आखिर क्यों क्षेत्र की जनता को पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के प्राइवेट अस्पतालों में जाना पड़ रहा है।

बढ़ती टेक्नोलॉजी के दौर में अनजाने एप्प से रहे सतर्क

लालबर्रा के गणेशपुर में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

बालाघाट। सोमवार को लालबर्रा तहसील के ग्राम पंचायत, गणेशपुर में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी श्री सुधीर सिंह ठाकुर, प्रथम जलिा एवं अपर सत्र न्यायाधीश वारासिवनी की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित ग्रामीणजनो को बताया गया कि मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य क्या हैं? वहीं उपस्थित छात्राओं को वर्तमान समय में मोबाइल एवं सोशल मीडिया से होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक कराया गया एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार के अनजान एप को मोबाइल में ना ही डाउनलोड करें और ना ही सोशल मीडिया पर अधिक समय तक एक्टिव रहें। साथ ही साइबर क्राइम एवं पास्को एक्ट के संबंध में उपस्थित ग्रामीणजन को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर में ग्राम पंचायत गणेशपुर के सरपंच श्री हेमन्त कटरे, सचिव श्रीमती रीता लानगे, ग्राम स्वरोजगार सहायक श्री सुरेश कटरे सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेंडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
मिले हर शनिवार व रविवार
जगजीवन
आयुर्वेदिक दवाखाना
पता : गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट
मो : 9243880464